हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 12 अंक : 186 देहरादून, मंगलवार, 16 जनवरी, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री नाबार्ड स्टेट क्रेडिट सेमिनार में शामिल हुए 3

# मुख्यमंत्री ने किया बोधिसत्व विचार श्रृखंला 3.0 का शुभारंभ

## प्रदेश में स्थित केंद्रीय संस्थानों के प्रमुखों से विचार मंथन कर हुई शुरूआत





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 16 जनवरी , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास सभागार में बोधिसत्व विचार श्रृखंला 3.0 का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदेश में स्थित विभिन्न केंद्रीय संस्थानों एवं तकनीकि उपक्रमों के प्रमुखों से विचार मंथन से इस विचार श्रृखंला की शुरूआत राज्यहित में बताया। इस अवसर पर सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत द्वारा किया गया।

**उत्तराखण्ड शोध, साधना, आध्यात्म, ज्ञान और विज्ञान का संगम स्थल रहा है**

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण हेतु ज्ञान-विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से विचार विमर्श को उपयोगी बताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस अमृत काल में जहाँ 22 जनवरी को हम राम मंदिर के भव्य लोकार्पण के साक्षी बनेंगे वहीं, उत्तराखण्ड में 8 व 9 फरवरी, 2024 को यूकॉस्ट के माध्यम से 18वीं उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन में भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा, विश्व शांति और सद्भाव पर देश भर के वैज्ञानिक, विषय विशेषज्ञ एक साथ विचार विमर्श करते हुए भावी योजनाओं पर विचार करेंगे। कई सत्रों के साथ-साथ इसका एक सत्र आध्यात्म और विज्ञान है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड सदियों से मानव जाति को प्रकृति के साथ अलौकिक जीवन की प्रेरणा देता रहा है। यह क्षेत्र शोध, साधना, आध्यात्म, ज्ञान और विज्ञान का संगम स्थल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आध्यात्म की पवित्र भूमि और 'स्प्रिच्युलिटि ईको जोन की तरह से विकसित करने का मंत्र दिया है। उन्होंने सभी संस्थानों को हल्द्वानी में आयोजित हो रहे विज्ञान प्रौद्योगिकी राज्य सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड विकास एवं प्रतिष्ठा की जिस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित विकास की राह पर कदम बढ़ा चुका है उस पर आने वाले समय में हमें गर्व की अनुभूति होगी।

**उत्तराखण्ड के सर्वांगीण विकास की दिशा तय करेगा यह मंथन-मुख्यमंत्री**

उन्होंने कहा कि सभी संस्थानों के विद्वानों ने जिस तरह से नवंबर-दिसंबर माह में आयोजित विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन में सहयोग किया उससे सम्पूर्ण विश्व में उत्तराखंड की साख बढी है। अब आवश्यकता है कि हिमालयी राज्यों में आपदा प्रबन्धन के नए तौर-तरीके खोजे जायें और आपदा जनित हानि को कम करने के लिए मॉडल विकसित हो। इस आयोजन के माध्यम से सारे विश्व में प्रकृति के प्रति मानव समाज के सामुदायिक दायित्वों और आपदा प्रबंधन में उसके महत्व को उजागर करते हुए हिमालय की ऊँचाइयों से देहरादून डिक्लेरेशन के रूप में एक संदेश प्रसारित हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबन्धन की दृष्टि से पर्वतीय क्षेत्र सहित सारे विश्व के लिए यह डिक्लेरेशन एक महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित होगा। उन्होंने कहा कि आदर्श चम्पावत मिशन के अन्तर्गत इसरो (आई आई आर.एस.) द्वारा डॉ. आरपी सिंह, निदेशक, डॉ. हरीश कर्नाटक के नेतृत्व में व यूकॉस्ट के सहयोग से डेश बोर्ड विकसित किया जा रहा है। यह राज्य के अन्य क्षेत्रों व राज्यों के लिए भी भविष्य में कारगार सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि चंपावत की भौगोलिक स्थिति पूरे उत्तराखण्ड की स्थिति दर्शाती है। इसके लिए यहां का मॉडल पूरे राज्य के लिए उपयोगी साबित होगा। इस पर उन्होंने और अधिक शोध की जरूरत बताई।


उन्होंने कहा कि सिलक्यारा मिशन की सफलता प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सभी संस्थानों के सहयोग से ही संभव हो सकी है। इसमें पूरे भारत ने एकजुट होकर एक प्लेटफॉर्म पर कार्य किया है। यह निश्चित रूप से ज्ञान विज्ञान के प्रयास और भगवान के आशीर्वाद का प्रतिफल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही अल्मोडा में मानसखण्ड विज्ञान केन्द्र का लोकापर्ण होने वाला है। यह उत्तराखण्ड और पर्वतीय क्षेत्र के लिए भी बड़ी उपलब्धि होगी।

# उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा : रक्षा मंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 16 जनवरी , मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड जल्द इतिहास रच सकता है। देश की नज़र उस ड्राफ्ट पर है जो लागु होते ही उत्तराखंड को नई पहचान देगा। हम बात यूसीसी की कर रहे हैं जिसके बारे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़ी बात कहते हुए माना है कि उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनने की संभावना है।

धामी सरकार रचेगी इतिहास



उत्तराखंड के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) 2022 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा द्वारा किए गए प्रमुख चुनावी वादों में से एक था।उत्तराखंड से आने वाले लोगों द्वारा आयोजित "उत्तरायणी कौथिक" कार्यक्रम में एक सभा को संबोधित करते हुए, राजनाथ सिंह ने कहा, "मुझे लगता है कि अगर कोई राज्य समान नागरिक संहिता लागू करने में पहला राज्य बनने जा रहा है, तो वह उत्तराखंड होगा।"

हालाँकि, उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। लगातार दूसरी बार सत्ता में आने के बाद, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी अध्यक्षता में पहली कैबिनेट बैठक में यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने को मंजूरी दे दी।

# गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाये जाएं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 16 जनवरी , प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में गुलदार द्वारा बच्चों पर आक्रमण करने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रमुख सचिव वन आर. के सुधांशु को निर्देश दिये कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना पर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने सचिवालय में बैठक लेते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने में लापरवाही बरतने वाले वन विभाग के अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई भी की जाए। गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाये जाएं और रात्रि गश्त की जाय। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिन क्षेत्रों में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं हो रही है, उन क्षेत्रों में वन विभाग को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रखा जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष में मृत्यु होने पर मृतक के परिवारजनों को आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान की जाने वाली अनुग्रह राशि को 04 लाख रूपये से बढ़ाकर 06 लाख रूपये करने का प्रस्ताव जल्द लाया जाए। उन्होंने कहा कि नये वाइल्ड लाईफ रेस्क्यू सेंटर भी बनाये जाएं। वाइल्ड लाइफ में धारण क्षमता से अधिक जानवर होने की स्थिति में यदि अन्य राज्यों से जानवरों की डिमांड आ रही है, तो इसकी भी डिटेल रिपोर्ट बनाई जाए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव डॉ. समीर सिन्हा उपस्थित थे।

# 22 जनवरी को नहीं छलका पाएंगे जाम, इन 4 राज्यों में ड्राई डे घोषित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 16 जनवरी : राम की नगरी अयोध्या पर इस समय देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की निगाह है. 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठान को लेकर कार्यक्रम होना है. इसके लिए अयोध्या में तैयारियां तेज हो गई हैं. इसको लेकर देशवासियों में खुशी की लहर है. इस बीच बीजेपी शासित कई राज्यों की सरकारों ने 22 जनवरी को शराब की बिक्री पर रोक लगा दी है. वहीं, उत्तराखंड सरकार ने 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर ड्राई डे मनाने का फैसला लिया।

उत्तराखंड

उत्तराखंड के आबकारी आयुक्त हरि चंद्र ने यह आदेश जारी किया. आदेश में कहा गया है कि राज्य में शराब लाइसेंस धारकों को इस बंद का कोई मुआवजा नहीं मिलेगा और इसके साथ ही वह कोई दावा भी नहीं कर सकते।

उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि 'प्राण प्रतिष्ठा' के दिन (22 जनवरी) राज्य में शराब की बिक्री नहीं होगी. योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस दिन को राष्ट्रीय त्योहार की तरह मनाया जाएगा. 22 जनवरी को राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों में छुट्टी रहेगी।

छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में भी 22 जनवरी को शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पिछले हफ्ते अपने इस फैसले की घोषणा की. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने फैसला लिया है कि 22 जनवरी को पूरे राज्य में ड्राई डे रहेगा।

असम

असम के पर्यटन मंत्री जयंत मल्ला बरुआ ने भी राम मंदिर के उद्घाटन के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को ड्राई डे घोषित करने का फैसला लिया है।




# डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद है जामुन के फूलों का शहद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 16 जनवरी : कई औषधीय गुणों से भरपूर शहद लोगों को बहुत पसंद होता है, खासकर उन लोगों को जो लोग मीठा खाना पसंद करते हैं. ब्लैक टी में डालकर या किसी डेजर्ट में मिठास लाने के लिए लोग शहद का इस्तेमाल करते हैं. इतना ही नहीं चेहरे और बालों की सुंदरता और वजन कम करने के लिए भी शहद उपयोग में लाया जाता है. आपने सिर्फ एक ही तरह के शहद का स्वाद लिया होगा लेकिन आज हम आपको बताने वाले हैं कि उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के हरबर्टपुर में कई फ्लेवर में शहद तैयार करके बेचा जा रहा है. यहां रोशन मौर्य ने मधुमक्खी पालन शुरू किया था. जिसके बाद उन्होंने कई फ्लेवर में शहद बनाना शुरू किया, जो लोगों को काफी पसंद भी आ रहा है. यहां डायबिटीज के मरीजों के लिए एक खास शहद है।

शांति हनी बी फार्म के मालिक रोशन मौर्य ने कहा कि साल कोरोना काल में उन्होंने इस फार्म की शुरुआत की थी. पहले वह सिर्फ बेसिक हनी बनाते थे. अब वह कई फ्लेवर में शहद तैयार करते हैं. उन्होंने बताया कि वह मौसमी चीजों के हिसाब से शहद तैयार करते हैं. जहां-जहां फूल होते हैं, वहां अपने बॉक्स को लेकर जाते हैं और मधुमक्खियों को माइग्रेट करके शहद तैयार करते हैं. उनके पास कश्मीरी हनी, मस्टर्ड हनी, लीची हनी, यूकेलिप्टस हनी, तुलसी हनी और जामुन हनी जैसी कई वैरायटी मिल जाएंगी।

रोशन मौर्य ने आगे कहा कि हमारे यहां डायबिटीज के मरीजों के लिए भी शहद तैयार किया जाता है, जो उन्हें नुकसान नहीं बल्कि फायदा पहुंचाता है.यह शहद जामुन के फूलों से बनाया जाता है. यहां आपको 400 रुपये से लेकर 800 रुपये प्रति किलो तक की रेंज में शहद की कई वैरायटी मिल जाएंगी।




# ये हैं वो चार शंकराचार्य, अयोध्या को लेकर जिनकी हो रही चर्चा



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 16 जनवरी , अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की तिथि धीरे-धीरे अब नजदीक आती जा रही है। देश में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर भी उत्साह दिखने लगा है। राज्य सरकार, केंद्र सरकार और आमजन तक सभी इस आयोजन को लेकर खुशियों से सराबोर हैं। वहीं देश के चार प्रमुख धार्मिक पीठों के शंकराचार्यों ने राम मंदिर समारोह का न्योता अस्वीकार कर दिया है और वे इस समारोह में शामिल नहीं होंगे। तो आइए जानते हैं इन चारों शंकराचार्य के बारे में...

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज

ज्योतिर्मठ, बदरिका उत्तराखंड के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज इस मठ के 46वें शंकराचार्य हैं। ये शंकराचार्य स्वामी स्वरुपानंद के परलोक गमन के बाद इस मठ के शंकराचार्य नियुक्त हुए और तभी से इस मठ की गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। इन्होंने राम मंदिर उद्घाटन को लेकर नाराजगी जाहिर की है और साथ ही मंदिर के उद्घाटन समारोह को शास्त्रोक्त विधि सम्मत होना स्वीकार नहीं किया है।

शंकराचार्य निश्चलानन्द सरस्वती महाराज

गोवर्धन पीठ, पुरी के शंकराचार्य निश्चलानन्द सरस्वती महाराज ये गोवर्धन मठ के 145वें शंकराचार्य हैं । इन्होंने भी श्रीराम मंदिर उद्घाटन का न्योता ठुकरा दिया है और कहा है कि राम जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा शास्त्रों के अनुसार होनी चाहिए। इसीलिए वहां मेरा जाना उचित नहीं है।

शंकराचार्य स्वामी भारती तीर्थ महाराज

श्रृंगेरी पीठ, कर्नाटक के शंकराचार्य स्वामी भारती तीर्थ महाराज कई भाषाओं के प्रकांड पंडित हैं। इन्होंने शिक्षा का प्रचार-प्रसार कर ख्याति प्राप्त की थी। इन्होंने मंदिर उद्घाटन को लेकर कोई अधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि मंदिर उद्घाटन समारोह में शंकराचार्य स्वामी भारती तीर्थ महाराज भी शामिल नहीं होंगे।

शंकराचार्य सदानंद महाराज

शारदा मठ, गुजरात के शंकराचार्य सदानंद महाराज भी कई भाषाओं का ज्ञान रखते हैं और ये बचपन में ही शिक्षा बीच में ही छोड़ कर स्वामी स्वरुपानंद सरस्वती की सेवा में चले गए। इन्होंने मंदिर समारोह को लेकर कहा है कि समारोह में मर्यादा का पूरा पालन किया जाना चाहिए।

# मेंटल हेल्थ को मजबूती देने के लिए इन बातों का जरूर रखें ध्यान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 16 जनवरी : हमारे शरीर के सभी अंगो के साथ दिमाग का भी हेल्दी होना बहुत जरूरी है। यही कारण है कि आजकल मेंटल हेल्थ की बातें की जाती हैं पर प्रश्न यह है कि हम अपनी मेंटल हेल्थ के लिए क्या करते हैं।

मेंटल हेल्थ को बनाए रखने के लिए आपका साथ अच्छा होना जरूरी है। जैसे कोरोना वायरस से बचने के लिए जरूरी है कि हम कोविड पॉजिटिव लोगों से दूर रहे। वैसे ही मेंटल हेल्थ के लिए भी जरूरी है कि आप स्वस्थ लोगों से ही जुड़े रखें। गौर गोपाल दास बताते हैं कि मेंटल हेल्थ को बनाए रखने के लिए फिजिकल रूप से फिट रहना भी बहुत जरूरी है। अच्छे से नींद लेना और रेगुलर एक्सरसाइज करने से हमारी मेंटल हेल्थ को मजबूती मिलती है। डॉक्टर ने बताया कि हमारे जीवन में हर एक चीज बहुत महत्वपूर्ण है। जैसे अच्छी डिग्री, अच्छी नौकरी और बड़ा प्रमोशन लेकिन हेल्थ भी जरूरी है। हमें समझना होगा कि सेहत के साथ भी हम अपने जीवन में मनचाहा मुकाम हासिल कर सकते हैं। और डॉक्टर ये भी बताते हैं कि जैसे हम फिजिकल हेल्थ का चेकअप कराते हैं ठीक उसी तरह मेंटल हेल्थ चेकअप भी बहुत जरूरी है।



उन्होंने बताया कि आप घर पर बैठे-बैठे भी अपना चेकअप कर सकते हैं। अगर आपको लो महसूस होता है लेकिन आप एक समय के बाद ठीक हो जाते हैं मतलब आप ठीक हैं। अगर आप आत्मविश्वासी महसूस करते हैं मतलब आप ठीक हैं। आप हर बात पर तनाव और चिंता लेते हैं तो इसका मतलब है कि आप अंदर से बहुत परेशान हैं। आप कितना अकेलापन महसूस करते हैं और आपकी बातें भी आपकी मेंटल हेल्थ दिखाती हैं। मेंटल हेल्थ को बनाए रखने के लिए आपका साथ अच्छा होना जरूरी है। जैसे कोरोना वायरस से बचने के लिए जरूरी है कि हम कोविड पॉजिटिव लोगों से दूर रहे। वैसे ही मेंटल हेल्थ के लिए भी जरूरी है कि आप स्वस्थ लोगों से ही जुड़ाव रखें। गौर गौपल दास बताते हैं कि मेंटल हेल्थ को बनाए रखने के लिए फिजिकल रूप से फिट रहना भी बहुत जरूरी है। अच्छे से नींद लेना और रेगुलर एक्सरसाइज करने से हमारी मेंटल हेल्थ को मजबूती मिलती है। फूड भी एक बहुत अहम पहलू है जो आपकी मेंटल हेल्थ को बनाए रखता है। अच्छा खाना खाने से हमें उम्दा पोषण और फिर अच्छे विचार मिलते हैं। इन सभी बातों के साथ-साथ मेंटल हेल्थ को मजबूती देने के लिए यह भी मायने रखता है कि हम क्या देख रहे हैं और क्या सुन रहे हैं। जरूरी है कि आप फोन और लैपटॉप पर जो भी देख रहे हों वो अच्छा हो, पॉजिटिव हो। शारीरिक के साथ-साथ मानसिक रूप से भी मजबूत होना भी बहुत जरूरी है और आप इन टिप्स की मदद से मानसिक रूप से भी फिट रह सकते हैं। आपको लेख अच्छा लगा हो तो इसे शेयर जरूर करें व इसी तरह के अन्य लेख पढ़ने के लिए जुड़ी रहें आपकी अपनी वेबसाइट हरजिन्दगी के साथ।

# मुख्यमंत्री नाबार्ड स्टेट क्रेडिट सेमिनार में शामिल हुए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून , 16 जनवरी , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नाबार्ड के स्टेट क्रेडिट सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्टेट फोकस पालिसी पेपर 2024-25 का अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री ने नाबार्ड का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड में कृषि, बागवानी तथा छोटे और मध्यम क्षेत्र के उद्योगों के विकास के लिए नाबार्ड ने इस वर्ष चालीस हजार करोड़ रूपये की ऋण योजना तैयार की है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में साढ़े तैंतीस प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे छोटे किसानों तथा छोटे व मझौले उद्योगों में लगे लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

**प्रत्येक बैंक ब्रांच को एक निश्चित टारगेट के साथ काम करना होगा - मुख्यमंत्री**

उन्होंने कहा कि इस ऋण व्यवस्था की सही निगरानी भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऋण, लोन या क्रेडिट को जरूरतमंद और योग्य लोगों तक सरलता से पहुंचाने में सबसे बड़ी भूमिका बैंकों की है। बैंकों को ध्यान देना होगा कि जरूरतमंद और योग्य लोगों को ऋण सम्बन्धित औपचारिकताओं के लिए अनावश्यक न भटकना पड़े। इसके लिए बैंकों को मिशन मोड पर काम करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है। राज्य सरकार भी उत्तराखंड में महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत का आरक्षण प्रदान कर रही है। उन्होंने नाबार्ड के अधिकारियों से कहा कि प्रदेश की महिलाओं हेतु विशेष योजना प्रारंभ करें ताकि महिलाओं को भी इन योजनाओं

**■ बप्रदेश के शहरी और ग्रामीण इलाकों का समान रूप से विकास चाहती है राज्य सरकार**

का अधिक लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में उन्होंने टिहरी जिले की लाभार्थी महिलाओं से संवाद किया। उनके द्वारा बताया गया कि सशक्त बहना उत्सव योजना से विपणन में उन्हें काफी मदद मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की योजनाओं के लिए बैंकों से ऋण लेने के लिए सरलीकरण होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि कई बार देखा गया है कि जो लोग वास्तव में कुछ करना चाहते हैं वे कई बार लोन लेने से वंचित रह जाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पर्वतीय क्षेत्रों में पलायन रोकने हेतु पलायन निवारण आयोग का गठन किया। उन्होंने आह्वान किया कि पर्वतीय क्षेत्रों में ऋण आवंटन हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। ऋण जरूरतमंद लोगों को आसानी से मिल सके, इसके लिए बेहतर व्यवस्था की जाए। इस कार्य में बैंकों की बहुत बड़ी भूमिका होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिवर्स पलायन की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है, बैंक भी इस कार्य में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि नाबार्ड की ऋण योजना के आवंटन के लिए प्रत्येक बैंक ब्रांच को एक निश्चित टारगेट के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण और पिछड़े इलाकों का विकास जरूरी है, यह हमारे रिवर्स पलायन मिशन के लिए भी अति आवश्यक है। राज्य सरकार लगातार ग्रामीण इलाकों में आधारभूत सुविधाओं, सड़क, कनेक्टिविटी आदि को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आम लोगों के लिए भी सब्सिडी, क्रेडिट लिंक्ड योजनाओं, और ब्याज अनुदान जैसे योजनाओं को लागू कर रही है, जिसके अंतर्गत वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना, दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि बैंक राज्य के सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध करवाने के लिए एक विशेष कैम्पेन चलाएं जिससे ऋण का लाभ किसानों तक समय से पहुंच सके। इस दौरान नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक वीके बिष्ट ने नाबार्ड द्वारा प्रदेश में संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।

# सतपाल महाराज ने सिद्धेश्वर मंदिर में की साफ सफाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 16 जनवरी , अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम से पहले एक हफ्ते तक देश के मंदिरों में सफाई अभियान छेड़ने का आह्वान किया था। पीएम मोदी के आह्वान पर सोमवार को प्रदेश के सिंचाई, लोक निर्माण, पर्यटन, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, धर्मस्व एवं संस्कृति सतपाल महाराज ने भी कर्जन रोड स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में साफ सफाई करने के बाद पूजा अर्चना की।

इस मौके पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर में राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन आलौकिक, अभूतपूर्व और अविस्मरणीय होगा। पर्यटन, धर्मस्व और संस्कृति मंत्री महाराज ने कहा कि चारधाम के चार शीतकालीन मंदिर केदारनाथ मंदिर ओमकारेश्वर, उखीमठ, बद्रीनाथ , नरसिंह मंदिर, जोशीमठ, गंगोत्री मंदिर मुखवा और यमुनोत्री मंदिर, खरसाली सहित प्रदेश के सभी मंदिरों में 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर में राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन विशेष पूजा अर्चना की जायेगी। महाराज ने समस्त प्रदेशवासियों से अनुरोध किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के अनुसार, 22 जनवरी को सभी अपने-अपने घरों में दीप जलाकर इस आयोजन को उत्सव के रूप में मनायें।



# Ram Mandir प्रसाद पहुंचेगा घर तक, ऐसे करें Online Apply

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 16 जनवरी , अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 22 जनवरी 2024 को होना तय है। न सिर्फ भारत बल्कि विदेशों में भी राममयी माहौल बना हुआ है। हर कोई इस भव्य समारोह की झलकों को अपनी आंखों में बसा लेना चाहता है। लेकिन फिर भी कई लोग ऐसे है जो 22 जनवरी को अयोध्या नहीं जा सकेंगे। ऐसे में वह भगवान राम के अलौकिक दर्शन और उनके प्रसाद से वंचित रह जाएंगे। क्या आप भी उन्हीं लोगों में शामिल है, जो 22 जनवरी को अयोध्या समारोह में नहीं जा पा रहे है? यदि ऐसा है तो आपके पास प्रभु राम का प्रसाद ऑनलाइन मंगाने का एक अच्छा विकल्प मौजूद है। इस तरीके से आप अपने घर पर ही प्रसाद मंगवा सकते है।

फ्री में घर पहुंचेगा राम प्रसाद

आपको घर बैठे ऑनलाइन वेबसाइट https://khadiorganic.com/products/free-parshad पर प्रसाद का ऑर्डर देना होगा। सबसे अच्छी बात ये है कि आपको इस प्रसाद के कोई पैसे भी नहीं देने पड़ेंगे। उपरोक्त लिंक पर क्लिक कर आप घर बैठे Online Ram Mandir Prasad Free मंगवा सकते है। उपरोक्त लिंक पर Click कर आपको Online Ram Mandir Prasad Free का विकल्प दिख जाएगा। साथ ही दिखेगा Add to Cart Option, जहां क्लिक कर आप अपने घर पर ही सीधे अयोध्या से मुफ्त मंगवा सकते है। इससे पहले आपको ऑर्डर के लिए नाम, पता जैसी जानकारी मांगी जायेगी।

# मकर संक्रांति के अवसर पर महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ ने किया खिचड़ी प्रसाद वितरण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 16 जनवरी : पावन पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल जी के द्वारा महानगर देहरादून में कई स्थानों पर खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम किया गया।महानगर अध्यक्ष ने कहा की जो प्रसाद वितरण हो रहा है यह राम खिचड़ी के नाम पर किया जा रहा है और इस प्रकार के सहयोग के द्वारा समाज में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति में समानता का भाव विकसित होगा हम सभी को समाज में रहने वाले सभी वर्गों के साथ इस प्रकार के कार्यक्रम करते रहना चाहिए इससे समाज में समरसता का भाव के साथ नई ऊर्जा प्राप्त होती है।कार्यक्रम में कैंट विधानसभा से विधायक सविता कपूर प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान हरीश डोरा महानगर उपाध्यक्ष राजेंद्र ढिल्लों महानगर मंत्री संदीप मुखर्जी विजय थापा पंकज शर्मा जगदीश बद्री आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







# अयोध्या में अमिताभ बच्चन बनाएंगे महल !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 16 जनवरी , बॉलीवुड के लेजेंडरी एक्टर अमिताभ बच्चन राम की नगरी अयोध्या में आलीशान घर बनवाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने अभिनंदर लोढ़ा से सेवन स्टार टाउनशिप द सरयू में प्लॉट खरीदा है। अभिनंदन मुंबई बेस्ड डेवलपर द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के चेयरमैन हैं। यह जगह कितनी बड़ी और कितने की है, इस पर HoABL की तरफ से कोई कमेंट नहीं मिल सका। हालांकि सोर्सेज का कहना है कि अमिताभ बच्चन वहां 10,000 स्क्वैयर फीट का घर बनवाना चाहते हैं जिसकी कीमत 14.5 करोड़ होगी।





होश उड़ा देगी घर की कीमत

अब बात बॉलीवुड के महानायक की हो रही है तो इस घर की कीमत भी जाहिर तौर पर होश उड़ाने वाली ही होगी। बताते चलें कि अमिताभ अयोध्या में 14.5 करोड़ रुपये की कीमत वाला घर बनवाने वाले हैं। जो प्लॉट सुपरस्टार ने लिया है, उसकी कीमत और एरिया के बारे में अभी ज्यादा जानकारी हासिल नहीं हो सकी है। हालांकि, एक्टर के सपनों का आशियाना कैसा होगा और कब बनकर तैयार होगा, इसे लेकर फैंस के साथ-साथ अयोध्यावासी भी काफी एक्साइटेड और खुश नजर आ रहे हैं।

51 एकड़ में फैला है द सरयू एन्क्लेव


बताते चलें कि 22 जनवरी का दिन अपने आप में बेहद खास है। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। इसी दिन द सरयू एन्क्लेव भी लॉन्च होने जा रहा है। जानकारी के मुताबिक ये 51 एकड़म में फैला हुआ है। क्या बोले बिग बी ? मीडिया से बातचीत में अमिताभ बच्चन ने कहा था कि मैं द हाउस ऑफ अभिनिंद लोढ़ा के साथ अयोध्या में द सरयू में घर बनाने को लेकर बेहद एक्साइटेड हूं। अयोध्या के आध्यात्म और संस्कति भौगोलिक सीमाओं से परे है। इससे एक इमोशनल सा रिश्ता बना हुआ है।

अमिताभ बच्चन पहले लखनऊ के पास काकोरी में जमीन खरीद चुके हैं। इलाहाबाद उनका जन्म स्थान है। नैशनल हाईवे 330 से इसकी अयोध्या तक की दूरी 4 घंटे ड्राइव की है। HoABL के चेयरमैन अभिनंदन लोढ़ा ने इसे कंपनी के लिए मील का पत्थर बताया। कहा कि द सरयू में अमिताभ बच्चन का 'पहले नागरिक' के तौर पर स्वागत करके काफी खुशी है। यह जगह राम मंदिर से 15 मिनट की दूरी पर है। वहीं अयोध्या एयरपोर्ट से इसकी दूरी 30 मिनट की है।

# रामचरित मानस की डिमांड बढ़ी, गीता प्रेस ने दिया फ्री डाउनलोड का ऑप्शन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

, जनवरी , अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। रामलला के भव्य मंदिर की तैयारियों से पूरे देश में उत्साह है। राममय हुए देश में रामचरितमानस की मांग भी बढ़ी है। रामचरितमानस प्रकाशित करने वाले गीता प्रेस की मानें तो वह डिमांड पूरा करने में असमर्थ होने की स्थिति और बढ़ती मांगों को देखते हुए फ्री डाउनलोड की अनुमति देने जा रहा है।




गीता प्रेस ने जारी किया आधिकारिक बयान

गीता प्रेस के एक अधिकारी ने कहा कि गीता प्रेस अपनी वेबसाइट से रामचरितमानस को मुफ्त डाउनलोड करने की अनुमति देगा। प्रेस 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह से पहले पवित्र पुस्तक की बढ़ती मांग को पूरा करने में असमर्थ है। गीता प्रेस के प्रबंधक लालमणि त्रिपाठी ने बताया कि 2022 में रामचरितमानस की लगभग 75,000 प्रतियां छापी गई और उसे वितरित की गई। लेकिन अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की तारीख की घोषणा के बाद से पुस्तक की मांग कई गुना बढ़ गई है। त्रिपाठी ने कहा कि सीमित स्थान के कारण, हम रामचरितमानस की छपाई और वितरण की मांग को पूरा करने में असमर्थ हैं।

अचानक से लाखों कॉपी छापने में असमर्थ

लालमणि त्रिपाठी ने कहा कि हमारे पास रामचरितमानस की अचानक 2 लाख से 4 लाख प्रतियां छापने और उपलब्ध कराने की तैयारी नहीं है। पिछले महीने से हम पुस्तक की 1 लाख प्रतियां उपलब्ध कराने में कामयाब रहे हैं। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं हो रही है। गीता प्रेस के पास पर्याप्त स्टॉक नहीं है। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर, हमें विनम्रतापूर्वक कहना पड़ता है कि हमारे पास स्टॉक उपलब्ध नहीं है। हाल ही में हमें जयपुर से 50,000 रामचरितमानस की मांग मिली और भागलपुर से 10,000 प्रतियों की मांग आई, जिसे हमें अफसोस के साथ अस्वीकार करना पड़ा। यह पूरे देश के विभिन्न शहरों से आई मांग की स्थिति है।

इसलिए कर रहे डाउनलोड

उन्होंने बताया कि डिमांड के अनुसार सप्लाई नहीं देने की वजह से हम लोगों ने यह तय किया है कि उसे ऑनलाइन फ्री डाउनलोड का ऑप्शन दिया जाएगा। वर्तमान में हम रामचरितमानस को गीता प्रेस की वेबसाइट पर अपलोड कर रहे हैं। मंगलवार से यह मुफ्त डाउनलोड के लिए उपलब्ध होगा। हम 15 दिनों के लिए यह सेवा प्रदान करेंगे जिससे 50,000 लोग इसे डाउनलोड कर सकेंगे। अगर डिमांड और बढ़ी तो यह संख्या एक लाख तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा (अभिषेक समारोह) की तारीख की घोषणा के बाद से रामचरितमानस की मांग बढ़ गई है और पुस्तक की आपूर्ति का दबाव बढ़ गया है। त्रिपाठी ने कहा, लोग इतने उत्साहित हैं कि वे बड़े पैमाने पर रामचरितमानस, सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ करने पर विचार कर रहे हैं।

# अमरोहा से BSP सांसद दानिश अली थामेंगे कांग्रेस का हाँथ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 16 जनवरी , अमरोहा से बीएसपी सांसद कुंवर दानिश अली कांग्रेस में शामिल होने जा रहे हैं। वह राहुल गांधी की न्याय यात्रा में भी सम्मिलित होंगे। दानिश ने सोशल मीडिया पर विस्तृत पोस्ट के जरिए इसके कारणों का भी ऐलान किया है कि वो क्यों राहुल की यात्रा में शामिल हो रहे हैं। दानिश अली बीएसपी से सस्पेंड हैं और 2019 में वो सपा बसपा गठबंधन के टिकट पर अमरोहा से जीत कर आए थे।



भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे दानिश

दानिश ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखकर पोस्ट किया है, "आज मैंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने का निर्णय लिया है। यह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण क्षण है. मैं बहुत आत्मावलोकन के बाद यहां पहुंचा हूं। देश में जो माहौल है, उसमें मेरे पास दो विकल्प थे।" उन्होंने कहा कि, मेरी अंतरात्मा ने मुझे दूसरा विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया। यह निर्णय लेना मेरे लिए स्वाभाविक था क्योंकि मैं खुद संसद में इसी तरह के हमले का शिकार था, जहां सत्तारूढ़ दल के एक सदस्य द्वारा मेरे और मेरे धर्म के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया था।

इस लिए यात्रा में शामिल होंगे दानिश

उन्होंने आगे लिखा है कि, "मैंने इस यात्रा में उनके साथ शामिल होने का फैसला किया है क्योंकि मुझे लगता है कि अगर मैं एकता और न्याय के लिए सबसे बड़े अभियान में शामिल नहीं हुआ, तो मैं एक राजनेता और एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपने कर्तव्य में असफल हो जाऊंगा। मैं इस यात्रा की सफलता और अपने देश के भविष्य के लिए प्रार्थना करता हूं।" अली ने कहा कि, "यह यात्रा विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान है। यह यात्रा हमारे देश के लोगों को भय, नफरत, शोषण और विभाजन के खिलाफ एकजुट करने का एक अभियान है।"

# 1 मार्च से GST नियमों में बड़ा बदलाव, होगी सख्त कार्रवाई




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 16 जनवरी , GST नियमों में केंद्र सरकार ने 1 मार्च 2024 से बड़े बदलाव किए हैं. अब 5 करोड़ रुपये से अधिक का बिजनेस करने वाले कारोबारी ई-चालान या ई-वे बिल नहीं बना सकेंगे. GST नियमों के कारण, कारोबारियों को 50,000 रुपये से अधिक मूल्य के सामान को एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाने के लिए ई-वे बिल बनाना होगा. ऐसे में अब ई-चालान के बिना इस बिल को नहीं बनाया जा सकेगा. 1 मार्च, 2024 से यह अधिनियम लागू होगा.

क्यों किया गया बदलाव

नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर (NIC) ने अपनी जांच में पाया कि कई ऐसे टैक्सपेयर्स हैं जिनका ई-वे बिल और ई-चालान नहीं मैच करता है. इसका मतलब है कि ये सभी कारोबारी बिजनेस टू बिजनेस और बिजनेस टू एक्सपोर्ट ट्रांजैक्शन के लिए ई-चालान के बिना ही ई-वे बिल जेनरेट कर रहे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है. यही वजह है कि सरकार ने टैक्स टैक्स पेमेंट में पारदर्शिता लाने के लिए अब ई-वे बिल के लिए ई-चालान आवश्यक कर दिया है.

1 मार्च से बदल रहे नियम

नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर (NIC) ने जीएसटी टैक्सपेयर्स को आदेश जारी करते हुए कहा है कि अब वह बिना ई-चालान के ई-वे बिल जेनरेट नहीं कर पाएंगे. यह नियम 1 मार्च 2024 से लागू हो जाएगा. यह नियम केवल ई-चालान के पात्र टैक्सपेयर्स के लिए ही लागू होगा. वहीं NIC ने यह साफ कर दिया है कि ग्राहकों और अन्य तरह के ट्रांजैक्शन के लिए ई-वे बिल जेनरेट करने के लिए ई-चालान की आवश्यकता नहीं पड़ेगी. ऐसे में ये ई-वे बिल पहले की तरह ही जेनरेट होते रहेंगे. इसका मतलब हुआ कि इन ग्राहकों पर बदले हुए नियम का कोई असर नहीं पड़ेगा.

# यशपाल आर्य और टीम कांग्रेस ने किया प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा का ग्रैंड वेलकम






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 16 जनवरी , अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं नव नियुक्त उत्तराखण्ड प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के देहरादून आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया। इसके उपरान्त कुमारी शैलजा ने प्रदेश कार्यालय सभागार में पार्टी की विभिन्न समितियों की बैठक में आगामी कार्यक्रमों हेतु वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से चर्चा की।

जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा जौलीग्रान्ट एयरपोर्ट पहुंची जहां पर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, एआईसीसी सचिव काजी निजुमद्दीन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल सहित पार्टी के विधायकगणों, पूर्व विधायकगणों एवं बडी संख्या में एयरपोर्ट पहुंचे कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी से स्वागत किया। इसके उपरान्त डोईवाला, हर्रावाला, रिस्पना पुल आदि अनेक स्थानों पर बडी संख्या में उमडे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुमारी शैलजा का स्वागत किया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचने पर प्रदेश कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कुमारी शैलजा का फूल मालाओं एवं बुके भेंट कर उत्तराखण्ड के पारम्परिक वाद्ययंत्रों के साथ स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंची प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा का वरिष्ठ नेतागणों एवं हजारों की संख्या में प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जिंदाबाद के नारे लगाकर भव्य स्वागत किया। इसके उपरान्त कुमारी शैलजा ने सर्वप्रथम प्रदेश कांग्रेस की राजनैतिक मामलों की समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारी तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाये जा रहे डोनेट फॉर देश कार्यक्रम के साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रस्तावित उत्तराखण्ड यात्रा पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया।

कुमारी शैलजा ने पार्टी के एआईसीसी सदस्यों, पीसीसी सदस्यों एवं वरिष्ठ नेतागणों से मुलाकात कर केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों पर चर्चा की। कार्यक्रम के उपरान्त प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने नई दिल्ली के लिए प्रस्थान किया। स्वागत समारोह में विधायक राजेन्द्र भण्डारी, तिलक राज बेहड़, आदेश चौहान, विक्रम नेगी, ममता राकेश, फुरकान अहमद, गोपाल सिंह राणा, सुमित हृदयेश, विरेन्द्र जाति, रवि बहादुर, हरीश धामी, मदन सिंह बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी, प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत, सूर्यकान्त धस्माना, प्रकाश जोशी, पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट, नव प्रभात, मंत्री प्रसाद नैथानी, शूरवीर सिंह सजवाण, पूर्व सांसद महेन्द्र पाल, धीरेन्द्र प्रताप, महामंत्री पी.के. अग्रवाल, राजेन्द्र शाह, नवीन जोशी,





संजय पालीवाल, अनुपम शर्मा, याकूब सिद्धिकी, राजेन्द्र भण्डारी, हरि कृष्ण भट्ट, पूरन सिंह रावत, गोदावरी थापली, जयेन्द्र रमोला, कोषाध्यक्ष आर्येन्द्र शर्मा, पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, राजकुमार, रामयश सिंह, डॉ0 संतोष चौहान, सतीश नैनवाल, मौजूद रहे।

प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के ग्रैंड वेलकम में प्रदेश महिला अध्यक्ष ज्योति रोतेला, महामंत्री महेंद्र सिंह नेगी, सोशल मीडिया सलाहकार अमरजीत सिंह, प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट, गरिमा दसौनी, लखपत बुटोला, राजेश चमोली, बसी जैदी, मोहन काला, भगवती सेमवाल, महानगर अध्यक्ष डॉ0 जसविन्दर सिंह गोगी, महानगर अध्यक्ष हरिद्वार सतपाल ब्रहमचारी, राजेन्द्र चौधरी, जिलाध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल, मोहित उनियाल, राहुल छिमवाल, पूरन कठैत, भूपेन्द्र भोज सहित सभी जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण, प्रदेश सचिव शांति रावत, सेवादल अध्यक्ष हेमा पुरोहित, विरेन्द्र पोखलियाल, मानवेन्द्र सिंह, मनीष नागपाल, मीना शर्मा, यामीन अंसारी, आनन्द बहुगुणा, अनुसूचित जाति अध्यक्ष दर्शन लाल, राजेश रस्तोगी, पिया थापा, डॉ0 प्रदीप जोशी, सुलेमान अली, आशा मनोरमा डोबरियाल, विकास नेगी, नजमा खान, चन्द्रकला नेगी, शिवानी थपलियाल, कोमल बोरा, अर्जुन सोनकर, जगदीश धीमान, अनूप कपूर, सविता सोनकर, विशल मौर्य, इलियार अंसारी, राजेश परमार, जितेन्द्र बिष्ट, उर्मिला थापा, खष्टी बिष्ट, ललित भद्री, आदर्श सूद, अनुराधा तिवाडी, अवधेश पंत, विनीत भट्ट, संजय सैनी, सावित्री थापा सहित सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रभारी कुमारी शैलजा का कोंग्रेसियों ने किया ग्रैंड वेलकम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 16 जनवरी , उत्तराखंड कांग्रेस की नवनियुक्त प्रभारी कुमारी शैलजा पहली बार जब उत्तराखंड पहुंची तो कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं ने जोली ग्रांट एयरपोर्ट पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया ।जिनमे नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ,प्रदेश अध्यक्ष कारण महारा,पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक प्रीतम सिंह ,पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल ,,मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि,पूर्व विधायक मनोज रावत,उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी , सूर्यकांत धस्माना,महामंत्री विजय सारस्वत,पूर्व मंत्री अजय सिंह, विधायक ममता राकेश ,फुरकान अहमद ,रवि बहादुर,वीरेंद्र जाती सहित अन्य नेताओं में प्रवक्ता राजेश चमोली,प्रवक्ता दीप वोहरा,गीताराम जायसवाल, रकीत वालिया,बालेश्वर सिंह सहित अनेकों नेता उपस्थित रहें।





# मंत्री गणेश जोशी ने गुलदार के हमले में घायल निखिल थापा का जाना हाल चाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 16 जनवरी : कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज राजकीय दून अस्पताल पहुंचकर बीती रात देहरादून के कैनाल रोड के पास दोस्तों के साथ खेल रहे 12 वर्षीय बच्चे पर गुलदार के हमले में घायल दून अस्पताल में भर्ती निखिल थापा का हाल चाल जाना।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने चिकित्सकों को उचित उपचार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मौके पर उपस्थित वन विभाग के अधिकारियों को पिंजरा बढ़ने और जल्द से जल्द गुलदार को ट्रेंकुलाइज कर गुलदार को पकड़ने के निर्देशित किया। उन्होंने कहा सरकार द्वारा घायल को 20 हजार रुपए जो मुआवजा राशि दी जाती है वह पीड़ित परिवार को दे दी गई है। मंत्री ने अधिकारियों को शीघ्र शेष राशि पीड़ित परिवारजनों को देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने अस्पताल में भर्ती हुए अन्य मरीजों का हाल चाल भी जाना।

ज्ञात हो कि घटना बीती देर शाम को राजपुर थाना क्षेत्र के कैनाल रोड के पास की है। यहां पर सुंधोवाली में रिस्पना नदी किनारे 12 वर्षीय निखिल थापा पुत्र शेरबहादुर थापा अपने चार-पांच दोस्तों के साथ खेल रहा था। शाम करीब सवा छह बजे गुलदार ने 12 वर्षीय निखिल थापा पर हमला कर दिया था।





## मुख्यमंत्री ने बागेश्वर की महिला लाभार्थियों से संवाद किया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 16 जनवरी , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय से वर्चुअल माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद बागेश्वर की महिला लाभार्थियों से संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 05 महिला लाभार्थियों से संवाद कर उनके विचार भी जाने। लाभार्थियों ने केन्द्र एवं राज्य की विभिन्न योजनाओं के तहत उन्हें मिली सुविधाओं के प्रति प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को उत्तरायणी की शुभकामना देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में समाज के हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई गई और उनका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़े लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। सरकार की योजनाओं की व्यापक जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिये राज्य की सभी ग्राम पंचायतों तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना एवं जन कल्याणकारी योजनाएं लोगों के लिए वरदान साबित हुई हैं।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी बागेश्वर को निर्देश दिये कि विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र लोगों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके, इसके लिए योजनाओं के व्यापक प्रचार पर और अधिक ध्यान दिया जाय। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मातृशक्ति द्वारा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाये जा रहे अनेक उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हाउस ऑफ हिमालयाज के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए।

बागेश्वर में कीवी के उत्पादन को लगातार बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। इस अवसर पर महिला समूहों के लाभार्थियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद के दौरान अपने समूहों के उत्पादन, विक्रय, आय आदि के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निरंतर समूहों की मॉनिटरिंग करने तथा उनके उत्पादन को आगे बढ़ाने हेतु उनसे सुझाव लेकर उन्हें आवश्यक सहायता करने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी पूजा, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की लाभार्थी गीता खेतवाल, कृषि, पशुपालन और उद्यान के क्षेत्र की योजनाओं की लाभार्थी आनंदी देवी, मंजू बोरा एवं सुनीता मेहता ने मुख्यमंत्री से संवाद किया। इस अवसर पर अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, आनन्द स्वरूप तथा वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी बागेश्वर अनुराधा पाल उपस्थित थे।

## क्रिकेट टूर्नामेंट के फाईनल मैच में कसार देवी वॉरियर्स ने जीता मुकाबला

अल्मोड़ा। रविवार को हवालबाग के ऐतिहासिक मैदान में रॉयल राजपूत मटेला और कसार देवी वारियर्स के बीच क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य महेश नयाल उपस्थित रहे। हवालबाग पहुंचने पर ग्रामीणों के द्वारा पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक का ढोल नगाड़ों से भव्य स्वागत किया। फाइनल मैच में कसार देवी वॉरियर्स विजयी रही। एक ओर जहां कसारदेवी के कप्तान सूरज ने नाबाद 128 रन बनाते हुए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अपने नाम किया वहीं दूसरी ओर कसारदेवी के ही मोहित ने आलराउंड प्रदर्शन करते हुए मैन ऑफ द सीरीज पर कब्जा जमा लिया। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार मटेला के पंकज बिष्ट को दिया गया। आयोजक मण्डल में अनिल मुस्युनी, रवि मुस्युनी, विवेक मुस्युनी एवं समस्त पाखुड़ा क्रिकेट कमेटी रही। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने हवालबाग खेल मैदान को स्टेडियम बनाने की मांग की जिस पर पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि बड़े दुर्भाग्य की बात है कि जिस हवालबाग के खेल मैदान में अल्मोड़ा के वरिष्ठ क्रिकेटरों ने क्रिकेट खेला था वह मैदान आज भी बदहाली का दंश झेल रहा है। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री से इस विषय में शीघ्र ज्ञापन प्रेषित कर हवालबाग खेल मैदान को स्टेडियम बनाने की मांग करेंगे।

## मकर सक्रांति उपासना, दान एवं धर्म परायणता का पर्व : अनिता ममगाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। नगर की प्रथम महापौर अनिता ममगाई ने कहा कि मकर संक्रांति का विशिष्ट पर्व हमारे देश की समृद्ध विरासत एवं सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। कहा कि, मकर संक्रांति किसानों के उमंग और उत्साह का भी पर्व है। इस अवसर पर खिचड़ी दान करना या चढ़ाना इस बात को प्रदर्शित करता है कि किसान जब मेहनत से अन्न उत्पन्न करता है तो उपने इष्ट को दान करता है। खिचड़ी सुपाच्य भोज भी है, शीतलहरों में जब पाचन क्रिया प्रभावित होती है तो कोई भी इसे औषधि के रुप में ले सकता है।

उक्त विचार नगर निगम की निर्वतमान महापौर अनिता ममगाई ने सोमवार को मकर सक्रांति पर्व पर हरिद्वार रोड़ पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन द्वारा आयोजित खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने वंदेमातरम जय श्रीराम के उद्घोषे के साथ राहगीरों को बेहद श्रद्धा पूर्वक खिचड़ी का प्रसाद बांटा।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सूर्यदेव की उपासना, दान एवं धर्म परायणता का यह पर्व लोगों के जीवन में उत्साह और उमंग का संचार करता है।भारतीय संस्कृति में मकर संक्रांति और इस अवसर पर किये जाने वाले दान-पुण्य का विशेष महत्व होता है। यह पावन पर्व मांगलिक कार्यों के शुभारम्भ से भी जुड़ा है। उन्होंने कामना की कि भगवान सूर्य की आराधना का यह पर्व हम सबके जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करे। संगठान के अध्यक्ष प्रमोद कुमार जैन ने बताया कि संगठन द्वारा यह पुनीत कार्य प्रतिवर्ष किया जाता है। संगठन सभी वरिष्ठों एवम जरूरतमंदों की सेवा करने के लिए सदैव तत्पर है। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रमोद कुमार जैन, महासचिव एस पी अग्रवाल,कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार जैन के अलावा अशोक रस्तोगी, सत्येन्द्र शर्मा, हरिश ढींगरा, कमल सिंह राणा,हरीश आनंद ,, हरि चरण सिंह, मदन वालिया,सुरेन्द्र आहूजा नरेश भारद्वाज,अरविन्द जैन ,नरेंद्र दीक्षित, दिनेश मुद्गल, नरेश गर्ग, कैलाश जोशी, हेम कुमार पांडे,अनिल गुप्ता,श्याम सिंह हरी प्रकाश जिंदल, चन्दन सिंह पंवार, सत्य प्रकाश गुप्ता, आलोक शर्मा,अशोक शर्मा, भारत भूषण शर्मा, महेन्द्र भाटिया, रमेश चंद्र जैन, जवाहर लाल त्रिपाठी, गणेशी लाल आदि उपस्थित रहे।इससे पूर्व निर्वतमान महापौर दून तिराहे पर आयोजित खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में भी पहुंची और अपनी सहभागिता की।

## संक्षिप्त खबरें

### घने कोहरे ने फिर से रोका हाईवे पर वाहनों की रफ्तार

रुडक़ी। घने कोहरे की वजह से रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक हाईवे पर वाहनों की रफ्तार फिर धीमी हो गई। विजिबिलिटी कम होने की वजह से गाडियां रेंग-रेंगकर चली। इधर, कड़ाके की ठंड ने लोगों को परेशान किया। दोपहर में निकली धूप के बावजूद लोगों को ठंड से राहत नहीं मिली। सोमवार दोपहर बारह बजे तक हाईवे पर घना कोहरा छाया रहा। इसके चलते चालकों को गाडियां चलाने में दिक्कतें हुई। हाईवे पर दिन और रात में गाडियों की लाइटें जलाकर वाहन चालक आवाजाही करते नजर आए। कईयों ने घने कोहरे की वजह से हाईवे किनारे ढाबों पर गाडियां रोक दी। कोहरा हटने के बाद वाहन चालक इन जगहों से आगे के लिए रवाना हुए।

### आकाश हत्याकांड के फरार आरोपियों की जल्द हो गिरफ्तारी

रुडक़ी। आकाश हत्याकांड के फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर वाल्मीकि समाज ने पुलिस से वार्ता की है। इंस्पेक्टर ने समाज के लोगों को आश्वासन दिया है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लगातार प्रयास जारी है। पुलिस जल्द दिनेश निवासी आसफनगर और आर्यन निवासी खानपुर को गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाएगी। अखिल भारतीय मजदूर परिषद के नगर महासचिव व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेश का कहना है कि पीड़ित परिवार के साथ संगठन हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। संगठन की ओर से भी फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी को लेकर पुलिस-प्रशासन को एक ज्ञापन दिया जाएगा। पिछले सप्ताह वाल्मीकि समाज के पूर्वी अंबर तालाब निवासी आकाश उर्फ शालू (35) अपने एक दोस्त के मामूली झगड़े में बीच बचाव के लिए गया था। शताब्दी द्वार के पास अभिषेक निवासी बिंदु खडक़ थाना झबरेड़ा, दिनेश और आर्यन ने आकाश के साथ मारपीट की थी। कुछ दूर जाने पर दोबारा से आकाश पर एक बाल्टी से अभिषेक ने सिर और छाती पर ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया था। दिनेश और आर्यन मौके से फरार हो गए थे, जबकि पुलिस ने अभिषेक को हत्या में प्रयुक्त बाल्टी के साथ गिरफ्तार कर लिया था। हत्याकांड के बाद से ही दोनों आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। पीड़ित परिवार से मिलने शहर विधायक प्रदीप बत्रा भी पहुंचे थे। वहीं समाज के लोगों ने भी कैंडल मार्च निकालकर हत्या में शामिल बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पुलिस प्रशासन से की थी। सोमवार को समाज के लोग रुडक़ी कोतवाली पहुंचे और पुलिस से हत्याकांड में शामिल फरार आरोपियों की भी जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि मामले में समाज के लोग कोतवाली पहुंचे थे। जिन्होंने हत्या में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस की कई टीमें फरार हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फैक्ट्री कर्मी लापता

रुडक़ी। संदिग्ध परिस्थितियों में फैक्ट्री कर्मी लापता हो गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। कोतवाली क्षेत्र में कैनाल रोड की स्टील फैक्ट्री में काम करने वाले अजय कुमार पुत्र रतन दास (23)निवासी ग्राम मझौली थाना सालरियां जनपद गया बिहार काफी समय से फैक्ट्री में मजदूरी का कार्य कर रहा था। उसके परिजन सुदेश दास की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई कि अजय सात जनवरी की सुबह दस बजे फैक्ट्री से किसी कार्य से बाहर गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। देर तक जब वह नहीं लौटा तो उसके बाद साथ काम करने वाले लोगों को चिंता हुई। उन्होंने फैक्ट्री प्रबंधन को जानकारी दी लेकिन काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अजय की गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

### जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्ष भिड़े

रुडक़ी। जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें चार लोगों को चोटें आई हैं। सोमवार सुबह सिकंदरपुर भेसवाल गांव में पारिवारिक जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों के बीच गाली-गलौज के बाद मारपीट हो गई। मारपीट में अंकित कुमार, जल सिंह, गुड्डी तथा रेनू चोटिल हो गए। मामला बढ़ता देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराकर दोनों पक्षों को चौकी बुलाया। भगवानपुर थाना प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# वेस्ट यूपी से होगा बीजेपी के मिशन 2024 का आगाज, अलीगढ़ में मोदी फूकेंगे चुनावी बिगुल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट , 16 जनवरी , अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। भारतीय जनता पार्टी समूचे देश के लिए इस सियासी संग्राम का आगाज एक बार फिर वेस्ट यूपी से करेगी। इस बार इसके लिए अलीगढ़ को चुना गया है। इससे पहले वेस्ट यूपी के सहारनपुर से बीजेपी चुनावी अलख जगाती रही है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को अलीगढ़ में प्रस्तावित बीजेपी के संगठनात्मक तौर पर पश्चिम क्षेत्र (वेस्ट यूपी) और ब्रज प्रदेश के नव मतदाता और पन्ना प्रमुखों (वर्करों) के सम्मेलन में शिरकत कर उन्हें संबोधित करेंगे और चुनावी बिगुल फूकेंगे। प्लान के मुताबिक, अलीगढ़ से ही मोदी देश भर में हर विधानसभा क्षेत्र के पांच-पांच हजार नव मतदाताओं से भी ऑनलाइन संवाद करेंगे।

दरअसल, सियासी तौर पर माना जाता है कि दिल्ली की सत्ता का रास्ता यूपी से होकर जाता है। उसमें भी वेस्ट यूपी को फतह करने से रास्ता आसान होना माना जाता हैं। यहीं वजह है कि बीजेपी हमेशा अपने चुनाव अभियान की शुरुआत वेस्ट यूपी से करती है। 2014 में पीएम कैंडिडेट रहे नरेंद्र मोदी से बुलंदशहर को इसके लिए चुना था। साथ ही सहारनपुर में परिवर्तन यात्रा राजनाथ सिंह ने निकाली थी। 2017 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव में भी सहारनपुर को चुनावी बिगुल फूंकने के लिए चुना था। 2022 के विधानसभा चुनाव में भी सहारनपुर जिले से सियासी संग्राम छेड़ा गया था।

अब 2024 में भी लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान की शुरुआत को वेस्ट यूपी चुना है लेकिन जगह सहारनपुर की जगह अलीगढ़ को पसंद किया गया हैं। बीजेपी संगठन से जुड़े एक प्रांतीय पदाधिकारी की माने तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 जनवरी को अलीगढ़ में पार्टी के ब्रज प्रदेश और पश्चिम प्रदेश के नव मतदाता और पन्ना प्रमुखों (वर्करों) के सम्मेलन (रैली) को संबोधित करेंगे। अलीगढ़ से ही नरेंद्र मोदी देश भर में विधानसभा क्षेत्र वार पांच-पांच हजार नव मतदाताओं से ऑनलाइन संवाद भी करेंगे। बीजेपी का प्लान अलीगढ़ सम्मेलन में करीब दो लाख कार्यकर्ताओं को जुटाने का है। बीजेपी दो लाख के लक्ष्य को हासिल करने के लिए तैयारी में जुटी है।

बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह इस आयोजन की तैयारियों का मंथन भी कर चुके हैं। बीजेपी के एक नेता की माने तो यूपी में इसी तरह के तीन बड़े आयोजन पार्टी करेगी। पहला 25 जनवरी को अलीगढ़ में करने के बाद बाकी दो अवध और कानपुर क्षेत्र की रैली लखनऊ में काशी और गोरखपुर क्षेत्र की रैली आजमगढ़ में प्रस्तावित है।जानकारी के मुताबिक, अलीगढ़ में ब्रज और पश्चिम प्रदेश के छह मंडलों अलीगढ़, आगरा, बरेली, मेरठ, मुरादाबाद और सहारनपुर के 38 जिलों के प्रमुख वर्कर और नव मतदाता शिरकत करेंगे। सभी लोकसभा क्षेत्रों के सांसद, केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहेंगे। बीजेपी युवा मोर्चा को सियासी आगाज करने वाले इस खास आयोजन का जिम्मा दिया गया हैं। अलीगढ़ बीजेपी युवा मोर्चा की महानगर इकाई को इस आयोजन का संयोजक बनाया गया है।

## संपादकीय

### चुनावों का 'अग्निपथ'

कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी ने दूसरी यात्रा का आरंभ किया है-'भारत जोड़ो न्याय यात्रा।' कांग्रेस प्रवक्ता इसे सामाजिक, धार्मिक न्याय और 'अराजनीतिक' यात्रा करार दे रहे हैं। कांग्रेसी 'न्याय' और 'सहो मत, डरो मत' के नारे लगा रहे हैं। परंपरा के मुताबिक, यह पदयात्रा नहीं होगी, बल्कि एक अत्याधुनिक बस के जरिए 6713 किलोमीटर का फासला तय किया जाएगा। बीच-बीच में राहुल गांधी और उनके सहयात्री पैदल भी चलेंगे। 'न्याय यात्रा' देश के 15 राज्यों और 110 जिलों से गुजरेगी। 66 दिन की यात्रा के बाद 20 मार्च को मुंबई में इसका समापन होगा। तब तक आम चुनाव की तारीखें घोषित हो चुकी होंगी ! राहुल गांधी किस 'न्याय' की बात कर रहे हैं? लोकतंत्र में न्याय की अपेक्षा सरकार और न्यायपालिका से की जाती है। कोई ऐसी वारदात या सामाजिक दमन भारत में नहीं हुआ है, जिसके लिए 'न्याय' की गुहार या उद्घोष किया जाए। भारत एक संगठित, संप्रभु, विविधता के बावजूद एकजुट राष्ट्र है, तो 'कन्याकुमारी से कश्मीर तक' देश को जोडऩे का आह्वान करने के बाद राहुल गांधी अब किस भूखंड और नागरिकों को जोडऩे की बात कर रहे हैं? अपवाद हो सकते हैं, समस्याएं हो सकती हैं। कांग्रेस ने देश पर करीब 55 साल शासन किया है। ऐसे कौनसे सामाजिक और धार्मिक अन्याय शेष रह गए हैं, जिन पर 'न्याय' का दावा किया जा रहा है? यह यात्रा राजनीतिक क्यों नहीं है? किसी राजनीतिक दल की इतनी लंबी यात्रा 'अराजनीतिक' हो सकती है? एक ओर देश में राम मंदिर के जरिए हिंदुत्व के खुमार की कोशिशें जारी हैं और उन्हीं के समानांतर 'न्याय यात्रा' शुरू की गई है। कांग्रेसियों के भाषणों और बयानों से स्पष्ट है कि यह पूरी तरह राजनीतिक यात्रा है। आम चुनाव का 'अग्निपथ' तैयार किया गया है। मणिपुर के जातीय तनाव, सामुदायिक हिंसा, कफ्र्यू और हत्याओं संबंधी कांग्रेस के बयान पूरी तरह राजनीतिक हैं। लहूलुहान की यह परंपरा 60 साल पुरानी है। पूर्वोत्तर के राज्यों में तब भी उग्रवाद, हिंसा और हत्याएं थीं, जब भारत सरकार के रूप में कांग्रेस सत्तारूढ़ थी। सिर्फ पूर्वोत्तर के हालात पर लोकसभा चुनाव नहीं हुआ करते। चूंकि पूर्वोत्तर में कांग्रेस लगभग नगण्य स्थिति में है, लिहाजा चुनावी हासिल के लिए भी यात्रा मणिपुर से शुरू की गई है। गौरतलब यह है कि कांग्रेस 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का आगाज कर रही थी, लेकिन उसी समय 50 साल से अधिक समय के समर्थक परिवार के सदस्य और यूपीए सरकार में राज्यमंत्री रहे मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस को अलविदा कहकर शिवसेना से हाथ मिला लिए। 2019 के बाद कांग्रेस छोडऩे वालों में गुलाम नबी आजाद, अश्विनी कुमार, कैप्टन अमरिंदर सिंह, सुनील जाखड़, कपिल सिब्बल, हार्दिक पटेल, अनिल एंटनी, सुष्मिता देव, प्रियंका चतुर्वेदी आदि नेताओं की लंबी फेहरिस्त है। सभी 'धुर कांग्रेसी' थे। केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री और संगठन के पदों पर आसीन नेता थे। कांग्रेस अपने ही नेताओं को 'जोड़ कर' क्यों नहीं रख पाई है? राहुल गांधी की यात्रा जिन लोकसभा क्षेत्रों से गुजरेगी, उनमें से मात्र 15 सीटों पर ही कांग्रेस सांसद हैं। संभव है कि कांग्रेस की यह सोच रही होगी कि वह यात्रा के जरिए बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, महिला उत्पीडऩ, कथित राजनीतिक अहंकार, मंदिरवाद, अमीर-गरीब की खाई, आम आदमी को स्वाभाविक न्याय आदि मुद्दों पर व्यापक जनमत तैयार कर सकती है !

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002

**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com

**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# झाड़ू को झटका, कोंग्रेसी गुट ने छोड़ी आप पाटी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 16 जनवरी , लोकसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को उत्तराखंड में बड़ा झटका लगा है। उत्तराखंड में आप के प्रदेश संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट समेत कई पदाधिकारियों ने प्राथमिक सदस्यता से सामूहिक इस्तीफा दे दिया। उधर, पार्टी के प्रदेश सहप्रभारी रोहित मैहरोलिया ने कहा, भाजपा के दबाव में आकर कुछ लोगों ने इस्तीफा दिया है।

ये वे लोग है, जिनकी पार्टी की कार्यप्रणाली में कोई आस्था नहीं है। इससे पहले विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद आप के सीएम के चेहरे रहे कर्नल अजय कोठियाल भी अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं। आपको बता दें कि विधानसभा चुनाव से उत्तराखंड में अपनी जमीन तलाश रही आम आदमी पार्टी को लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा झटका लगा है।

संगठन की कमान संभाल रहे पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे जोत सिंह बिष्ट समेत तमाम अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का दामन छोड़ दिया है। जोत सिंह बिष्ट का कहना है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व सोया हुआ है। पिछले 3 महीने से पार्टी कि कार्यकारिणी को भंग किया है। ऐसे में हम सभी अब पार्टी में अपना समय खराब नहीं करेंगे और पार्टी को छोड़ रहे हैं। बता दें कि जोत सिंह बिष्ट अपने साथियों के साथ कांग्रेस छोड़कर आप में शामिल हुए थे। जोत सिंह बिष्ट कांग्रेस संगठन के उपाध्यक्ष समेत कई अहम जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। जोत सिंह बिष्ट के अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश बिष्ट, आरपी रतूड़ी, हिम्मत बिष्ट, प्रवक्ता कमलेश रमन, संगठन सचिव हेम आर्य, सचिव चंद्रशेखर पांडे, बलवंत पंवार ने इस्तीफा दिया है।

# विधि विधान से खुले आदिबदरी मंदिर के कपाट, श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली । श्री आदिबदरी मंदिर के कपाट मकर संक्रांति के पर्व पर पूजा-अर्चना के बाद विधि-विधान से ब्रह्म मुहूर्त में 4 बजकर 30 मिनट पर श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए खोल दिए गए हैं।

परंपराओं के अनुसार मंदिर के कपाट वर्षभर में पौष माह के लिए बंद किए जाते हैं। मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही आदिबदरी में सात दिवसीय श्री आदिबदरी महाभिषेक समारोह तथा शीतकालीन पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास मेले का भी शुभारंभ हो गया है। मेले का शुभारंभ भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य समीर मिश्रा ने किया। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लेकर भी आदिबद्री मंदिर में विशेष पूजा अर्चना एवं भजन कीर्तन शुरू हो गए है। मंदिर में मकर संक्रांति के मौके पर ब्रह्म मुहूर्त में पुजारी चक्रधर थपलियाल ने कपाट खुलने के मौके पर अभिषेक पूजा संपन्न करवाई। जिसके बाद भगवान नारायण को भोग और पंच ज्वाला आरती के बाद मंदिर में दर्शनों की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। मंदिर परिसर में सात दिवसीय महाभिषेक समारोह का शुभारंभ कर दिया गया है। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष जगदीश बहुगुणा, महासचिव हिमेन्द्र कुंवर, कोषाध्यक्ष बलवंत भंडारी, आचार्य नागेन्द्र तिवारी, चिंतामणि सेमवाल, प्रताप लूथरा, हरीश ड्यूडी, अरुण मैठाणी, विजयेश नवानी, वीरेंद्र प्रभु, विजय चमोला, नरेश बरमोला और नवीन बहुगुणा मौजूद थे।

## महासू मंदिर के मास्टर प्लान पर लोगों की सहमति

विकासनग। महासू देवता मंदिर हनोल में प्रस्तावित मास्टर प्लान की आवश्यक बैठक एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पर्यटन विभाग की कन्सल्टेंसी एजेंसी ने महासू मन्दिर परिसर में गांव के आसपास प्रस्तावित मास्टर प्लान के बारे में जानकारी दी। एसडीएम हरगिरी ने हनोल गांव के मास्टर प्लान में प्रभावित ग्रामीण परिवारों से जानकारी ली। ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। एसडीएम ने बताया कि प्रभावित 99त्न परिवारों ने सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को उचित मुआवजा दिया जाएगा। कहा कि मास्टर प्लान बनने से हनोल की कायापलट होगी। हनोल को देश-दुनिया के मानचित्र पर आएगा। उससे हनोल के साथ-साथ आसपास जौनसार बावर, रवाई, बंगाण, फतेह पर्वत, जौनपुर तक के मन्दिर क्षेत्र विकसित होंगे। एसडीएम ने तहसीलदार को तीन दिन में प्रभावित परिवारों के सम्पूर्ण ब्योरा रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि एक सप्ताह में हनोल मास्टर प्लान की रिपोर्ट शासन को सौंपी जाएगी।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजाति आदिवासी लाभार्थियों से किया संवाद

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार , 16 जनवरी , केन्द्रीय नागरिक विमानन सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल(से.नि.) डॉ0 वी0के0 सिंह, मा0 मंत्री लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, लघु सिंचाई, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, संस्कृति, जलागम प्रबन्धन, एवं भारत-नेपाल उत्तराखण्ड नदी परियोजनायें सतपाल महाराज, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड, पूर्व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री एवं सांसद हरिद्वार डॉ0 रमेश पोखरियाल निशंक ने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान(पीएम जनमन) योजनान्तर्गत बहादराबाद ब्लाक में आयोजित मेगा इवेंट में प्रतिभाग किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से जनजाति आदिवासी लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया।

**प्रभारी कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, सांसद डॉ0 रमेश पोखरियाल निशंक रहे मौजूद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस मौके पर एक लाख जनजातिय लाभार्थियों को पक्के घर बनाने के लिये डी0बी0टी0 के माध्यम से सीधे खाते में धनराशि ट्रांसफर की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संवाद के दौरान सबसे पहले छत्तीसगढ़ की मन कुमारी से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान(पीएम जनमन) योजनान्तर्गत उनको कौन-कौन से लाभ मिले हैं, के सम्बन्ध में पूरी जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि उन्हें जल जीवन के अन्तर्गत नल से जल, गैस कनेक्शन आदि का फायदा मिल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि हमने दीप समूह के नाम से 12 सदस्यीय स्वयं सहायता समूह का गठन किया है, जिसमें दोना-पत्तल बनाने का प्रशिक्षण लेने के बाद दोना-पत्तल का निर्माण कर बाजार में बिक्री के लिये दोने-पत्तल तैयार किये हैं।

इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश की ललिता आदिवासी, विद्या आदिवासी, महाराष्ट्र के नासिक से भारतीय नारायण, झारखण्ड से शशि किरन आदि से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान(पीएम जनमन) योजनान्तर्गत-सभी को पक्का घर, हर घर नल से जल, गांव-गांव तक सड़क, हर घर बिजली, शिक्षा के लिये हॉस्टल, कौशल विकास, दूर दराज गांव तक मोबाइल मेडिकल यूनिट, सभी को पोषण, उन्नत आजीविका, दूर दराज गांव तक मोबाइल नेटवर्क के सम्बन्ध में सहजता से उनको जानकारी देने के साथ ही, इन योजनाओं के बारे में उन्हें कितनी जानकारी है, के सम्बन्ध में भी उनसे फीड बैक लेते हुये, किस योजना से क्या लाभ मिल रह है, के सम्बन्ध में लाभार्थियों द्वारा योजना के सम्बन्ध में अच्छी तरह बताने पर प्रधानमंत्री ने उनकी प्रशंसा की तथा सन्तोष व्यक्त किया।




नरेन्द्र मोदी ने इस मौके पर सरकार द्वारा आम जन के कल्याणर्थ उठाये गये कदमों-वन नेशन वन राशन कार्ड, एकलब्य स्कूलों की स्थापना, 10 साल में चार करोड़ लोगों को अपना आवास उपलब्ध कराना, सुदूर गांवों तक विकास पहुंचाना, वन अधिकार के तहत जमीन के पट्टे दिलाना तथा गरीबों के कल्याण के लिये उठाये गये विभिन्न कदमों आदि के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को केन्द्रीय मंत्री जनजाति मामले अर्जुन मुण्डा ने सम्बोधित करते हुये जनजातियों के कल्याणार्थ संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं तथा उठाये जा रहे कदमों के सम्बन्ध में विस्तार से प्रकाश डाला।



केन्द्रीय नागरिक विमानन सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल(से.नि.) डॉ0 वी0के0 सिंह ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जिक्र करते हुये कहा कि उन्होंने 2014 में कहा था कि उनकी सरकार वंचितों तथा शोषितों की सरकार है तथा पिछले 10 वर्षों में उन्होंने जो काम किये हैं, वे पूरे देश में प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जनजाति आदिवासी समाज के कल्याण के लिये निरन्तर प्रयासरत है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान(पीएम जनमन) योजनान्तर्गत विकासखण्ड बहादराबाद के चार ग्राम पंचायतों के नौ तौकों के 779 परिवारों के 4006 की जनसंख्या को क्या-क्या लाभ सुलभ होंगे, के सम्बन्ध में सांसद हरिद्वार डॉ0 रमेश पोखरियाल निशंक, कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज ने विस्तृत जानकारी उपस्थित जन-समूह को दी।

बहादराबाद विकास खण्ड परिसर पहुंचने पर केन्द्रीय नागरिक विमानन सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल(से.नि.) डॉ0 वी0के0 सिंह, प्रभारी कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, सांसद हरिद्वार डॉ0 रमेश पोखरियाल निशंक का पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिह्न भेंटकर भव्य स्वागत व अभिनन्दन किया गया।

# देहरादून : ASG आईज़ हॉस्पिटल्स का देहरादून में हुआ शुभारंभ






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 16 जनवरी : यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि देश की अग्रणी आंखों की सुपर स्पेशलिटी अस्पताल श्रृंखला एएसजी, जिसकी भारत में सबसे बड़ी उपस्थिति है, देहरादून में अपनी 168वीं शाखा खोल रही है।ASG समूह की भारत भर के 83+ शहरों में 160+ शाखाएँ हैं। एएसजी नेत्र अस्पताल श्रृंखला का प्रबंधन एम्स, दिल्ली के पूर्व छात्रों द्वारा किया जा रहा है। एएसजी समूह को 2005 में एम्स के डॉक्टरों डॉ. अरुण सिंघवी और डॉ. शिल्पी गैंग द्वारा लॉन्च किया गया था। बाद में, अन्य विद्वान डॉक्टर अस्पताल में शामिल हो गए, जिसके परिणामस्वरूप जल्द ही एएसजी आई हॉस्पिटल्स की श्रृंखला तेजी से बढ़ी, जो अन्य प्रमुख संस्थानों के बराबर लगातार नेत्र देखभाल उपचार प्रदान कर रही है।

यह बहुत खुशी की बात है कि अब देहरादून शहर में भी ऐसे मानकों के अनुरूप एक सुपर-स्पेशल आई केयर सेटअप होगा।एएसजी ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल की स्थापना का मुख्य उद्देश्य सभी को आर्थिक, सामाजिक और ज्ञान संबंधी असमानताओं को दूर करते हुए विश्व स्तरीय नेत्र संबंधी सुविधाएं और उपचार प्रदान करना है और इसी कारण से, एएसजी ने वरिष्ठ और अनुभवी डॉक्टरों का एक संगठन बनाया है जिनका ज्ञान और नेत्र विज्ञान अनुभव सर्वश्रेष्ठ में से एक है।देहरादून में ASG नेत्र चिकित्सालय 22/5, हरिद्वार रोड, उत्तराखंड राज्य रोडवेज कार्यशाला के सामने रेस कोर्स में स्थित है।

उपचार चिकित्सकों द्वारा किया जायेगा। एक ही छत के नीचे आंखों से जुड़ी सभी बीमारियों की जांच और इलाज किया जाएगा। इस अस्पताल में मोतियाबिंद, लेसिक, ग्लूकोमा, रेटिनल रोग, ऑकुलोप्लास्टी, कॉर्निया, भेंगापन (अलग-अलग दिशा में देखने वाली आंखें), बाल नेत्र विज्ञान, न्यूरो-नेत्र विज्ञान और अन्य विशेषज्ञता जैसी सेवाएं उपलब्ध हैं। यहां यह बताना आवश्यक है कि अस्पताल पूरे सप्ताह 24x7 कार्य करेगा, जो 24 घंटे आपातकालीन नेत्र उपचार भी प्रदान करेगा, ताकि देहरादूनवासी रविवार को भि नेत्र उपचार करा सकें।अस्पताल के डॉक्टरों की टीम में बेहद अनुभवी डॉक्टर शामिल होंगे। वे हैं डॉ. संगीता जैन, डॉ. अंशिका कश्यप, डॉ. दानिश इकबाल और डॉ. तुषार गोयलएएसजी आई हॉस्पिटल हमेशा से गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए शिविर आयोजित कर उनका इलाज करने में अग्रणी रहा है। और इसी कारण से, एएसजी आई हॉस्पिटल्स को अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए इंटरनेशनल अचीवर्स अवार्ड (2009), वेलनेस हेल्थ अवार्ड (2010), राजीव गांधी गोल्ड मेडल अवार्ड (2010), और यंग एंटरप्रेन्योर अवार्ड (2014) से सम्मानित किया गया है।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, एएसजी आई हॉस्पिटल की एक शाखा पिछले छह वर्षों से पूर्वी अफ्रीका में पूर्वी युगांडा के कंपाला में सफलतापूर्वक काम कर रही है और वहां के निवासियों को उत्कृष्ट नेत्र देखभाल सेवाएं प्रदान कर रही है. जिनके लिए एएसजी के अस्तित्व में आने तक गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल दुर्लभ थी। नेपाल के काठमांडू में एक और अंतरराष्ट्रीय अस्पताल सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है।जैसा कि हम को अपना परिचालन शुरू कर रहे हैं, हम देहरादून शहर के निवासियों को इस तरह के एक सुसज्जित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए बधाई देना चाहते हैं और गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल सुनिहित करने का संकल्प लेते हैं।